## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत और ईयू के बीच व्यापार समझौता राष्ट्र के लिए गौरव, देश में खुलेगा बड़ा बाजार, विनिर्माण ईकाईयों को होगा लाभ।
2. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण किया पेश, वित्त वर्ष 2026 में भारत की वास्तविक जीडीपी सात दशमलव चार प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने विशेष शिक्षा सहायक नियुक्ति प्रक्रिया के आरक्षण मामले में राज्य सरकार और जेएसएससी से मांगा जवाब, कहा– अंतिम आदेश से प्रभावित होगी नियुक्ति प्रक्रिया।
4. राज्य सरकार ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभुकों को एक ही सूचीबद्ध अस्पताल में सभी रोगों के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की शुरू की पहल।
5. झारखंड में 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाया जायेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व के लिए आशा की किरण है। आज नयी दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले 25 वर्ष महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच व्यापार समझौता होना भारत के लिए गौरव की बात है।

********************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 की प्रति पेश की। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में भारत की वास्तविक जीडीपी के सात दशमलव चार प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वहीं वित्त वर्ष 2027 में आर्थिक वृद्धि छह दशमलव आठ से सात दशमलव दो प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान जताया गया है।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने विशेष शिक्षा सहायक नियुक्ति में आरक्षण मामले को लेकर राज्य सरकार और जेएसएससी से जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। याचिका दायर करने वाले प्रार्थियों ने बताया कि विशेष शिक्षकों के लिए केंद्र की नियमावली में आरक्षित कोटे के अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता में पांच प्रतिशत छूट का प्रावधान है जबकि राज्य सरकार ने विज्ञापन में इस प्रावधान को शामिल नहीं किया है।

********************

राज्य सरकार ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना में सुधार की पहल की है। इसके तहत अब लाभुकों को एक ही सूचीबद्ध अस्पताल में सभी रोगों के इलाज की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के कार्यकारी निदेशक छविरंजन ने बताया कि पूर्व में मिली शिकायत के आधार पर लाभुकों को इलाज में आ रही  समस्या में सुधार किया जा रहा है।

********************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्व्पूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड में श्रम और रोजगार मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

********************

हजारीबाग में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आज जिला परिवहन कार्यालय की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाकर की।  मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

********************

झारखंड में 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में अब तक चिन्हित नहीं हुए कुष्ठ रोग के मामलों की पहचान करना और इस बीमारी से जुड़ी

सामाजिक भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करना है। इस संबंध में रांची जिले के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि कुष्ठ रोग एक जीवाणु जनित बीमारी है, जो पूरी तरह से इलाज योग्य है।

********************

देवघर में सरस मेले का आयोजन किया गया है। इससे जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने का मौका मिल रहा है। उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा ने बताया कि सरस मेला सिर्फ एक मेला नहीं, बल्कि महिलाओं की मेहनत, हुनर और आत्मनिर्भरता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है।

********************

विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो धनबाद जिले के सिजुआ स्थित शहीद शक्तिनाथ महतो इंटर कॉलेज भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे, लेकिन निगम चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता की वजह से उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बाद में इसका उद्घाटन किया जाएगा।

********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आज गिरावट का रूख है। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 119 अंक गिरकर 82 हजार 225 और निफ्टी 57 अंक की गिरावट के साथ 25 हजार 284 पर कारोबार कर रहे थे।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 54 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख 83 हजार रूपये प्रति किलो है।

****************